



पौ फटने से पहिले


सुमित्रानंदन





राजकमल प्रकाशन

सुमित्रानंदन पंत



पौ फटने से पहिले

[illegible] १९६३

[illegible]
[illegible] प्रकाशन [illegible] लिमिटेड
८ [illegible]
मूल्य ८.०० रु

[illegible]
[illegible]
[illegible]

पीछे [illegible] म [illegible]
[illegible] के [illegible]
रचना [illegible] में [illegible]
[illegible] किया है य
[illegible] मात्र है
[illegible] रहे हैं वे प्रथम [illegible]
[illegible] पर विचरण [illegible]
[illegible] प्रसन्नता है कि
[illegible] सका ।
[illegible] होने [illegible]
[illegible] प्रकाश [illegible]
[illegible] रेखा [illegible]
[illegible] के अध्ययन में
[illegible] रचनाएँ [illegible] जीवन

[illegible] के० जी० [illegible]
[illegible] जुलाई १९६३

विज्ञापन

पौ फटने से पहिले में मेरी सन् १९६७ की कुछ कविताएं संगृहीत हैं जिनमें से अधिकांश अब के ग्रीष्मावकाश में रानीखेत में लिखी गई हैं। इन रागात्मक रचनाओं में मैंने आज के युग की पृष्ठभूमि में प्रेम के संचरण को अभिव्यक्ति देने का प्रयत्न किया है ये प्रतिक्रियाएं कई वर्षों से मेरे भीतर संचित थीं। अनेक लोगों के लिए जो कल्पना मात्र है वह मेरे लिए सत्य रहा है। जो मेरे अत्यंत घनिष्ठ संपर्क में रहे हैं वे प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से जानते हैं कि मेरा मन अधिकतर इसी भाव भूमि पर विचरण करता रहा है।

मुझे बड़ी प्रसन्नता है कि मैं अपनी भावनात्मक सर्जनाओं को इन रचनाओं में यत्किंचित् वाणी दे सका हूं। जैसा कि पौ फटने से पहिले नाम से स्पष्ट है इन रचनाओं में आज के ह्रासयुगीन भावनात्मक संघर्ष का गहन अंधकार तथा कल की संवेदना का आनारुण प्रकाश संग्रथित है साथ ही राग चेतना के सामाजिक विकास की सूक्ष्म रूप रेखा भी इनमें अंतर्हित है। मुझे विश्वास है प्रस्तुत काव्य संग्रह मेरी भावदृष्टि के अध्ययन में सहायक हो सकेगा।

ये रचनाएँ मुक्त जीवन की केंद्रीय चेतना को सम्बोधित हैं।

१८ बी० ७ के० जी० मार्ग, इलाहाबाद
१० जुलाई, १९६७

—सुमित्रानंदन पंत

बच्चन को
षष्टि पूर्ति पर
सस्नेह

बचन को
षष्टि पूर्ति पर
सस्नेह







पंक्ति सूची

शुद्धि-पत्र

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
१५	९	प्रिय	प्रिये
५६	४	सवगन	सवगत
६४	२	धाप	धापें
६४	१३	गध	गध से
११७	१९	का	की
११७	२६	सजा	सजो
११८	१४	अतमक्त	अतमुक्त
१७१	१४	य	वे

(एक)

अंधकार का घोर प्रहर यह
नीरवता गहराती रह रह,—
मन में नहीं कहीं भय संशय,
प्राण, अभी पौ फटने वाली!

लोक परीक्षा का दारुण क्षण
दृष्टि ज्योति हत, लक्ष्य भ्रष्ट मन,
बढ़ता ही जाता संघर्षण
निशा और भी घिरती काली!

गरज रहा निस्तल तम सागर
निश्चेतन भू मन का गह्वर,—
शांत सौम्य आस्था का अंतर
नभ में फूटेगी ही लाली!

मौन स्तब्ध, निर्वात दिगंतर
छायाएँ सी चलतीं भू पर,
चीर तीर सी रही क्षितिज उर
अरुण चूड़ की ध्वनि मतवाली!

मद रही ताराए लोचन
स्वप्नो से उपचेतन उ मन
निजन तम में रग रहा कुछ
केंचुल याड रही निशि याली!

रक्त-स्नात, लो, प्राची अवर
धँसता उर मे स्वण पख शर
अँगडाता सोया समीर जग
तण तरुदल देते करताली!

जय प्रकाश गर्भित लगता तम
यह नव युग आगम का उपक्रम,
चर्णिताक्षि नीलम प्याली म
तुमन फिर रस मदिरा ढाली!

(दो)

कौन थ स्वर्णिम क्षितिज
तुम पार जिनक
प्रिय रहती हो जगोचर।
तैर स्मित मरकत प्रसार
हरित जल्धि स
तरल प्राणा क मनोहर,
लँघ
नीलारोह मन क,
शुभ्र ऊपाएँ
जहाँ स उतर नि स्वर
फाल्सइ आलोक के
रचती दिगतर।

खोजता ु म
तुम्हें तदगत
चेतना के
स्फटिक शिखरो पर
विचर कर।

प्राण,
फहराता रुपहली वायु आ
सुनहला अंचल तुम्हारा
धरा रज रोमांच से भर,—
मौन
सुन पड़ती
तपातुर घाटियों में
नृत्य नूपुर ध्वनि—
अमृत के मेघ सी भर!

चेतना ही नहीं
जग की वस्तुएँ भी
भेद कहती—
हृदय भय संशय तिमिर हर!

विश्व क्षर यह
विश्वमयि पर—
विश्व की सर्वस्व तुम
शाश्वत अनश्वर!

तरुणि
मिलनातुर
क्षितिज से झुक रही तुम—
रूप धरती भावना में
ज्योति भास्वर,

प्रीति तन्मय हृदय
रति उन्मेष प्रेरित
सृजन स्वप्न निरत।

जगाता मर्म में संवेदना स्वर
सूक्ष्म रस में द्रवित अंतर!

(तीन)

जब तुम्हें मैं, प्राण, छूता
देह के भीतर कहीं
छूता अगोचर।

राग में लिपटा
उषाएँ उतर नभ से
कल्पना के खोलती
उर में दिगंतर,

भाव वैभव से प्रसन्न
वसंत करता
रंग रुचि मुकुलित
दिगंत विषण्ण पतझर।

स्वर्ग के खुलते
झरोखे निर्निमेष
अशेष दिखता चेतना मुख,

देह रहती रूप,
रूप अनिद्य श्री सुषमा गुणा स
भाव वेष्टित
ज्योति मदिर सा प्रतिष्ठित
बोध का रस मुग्ध कर
देता अमित सुख।

अमृत झरता प्राण मन म,
उर अघाता ही नही
छवि पान भर करता अनश्वर।

रोम रोम प्रहृष करत वहन
रस-अनुभूति से
अँग सिहर उठते
तडित सुख से
मम थरथर।

कौन कहता—
देह हो तुम?
वस्तु गुण ही चेतना ह?
तुम पृथक रज दह से
सत्ता विमुक्त—
मुक्त बताती
गूढ ऋत-सवदना ह।

देह पर पा जय
प्रिये, मैं छू सका हूँ
प्रीति रस मधुच्छन्न
ज्योति सर
तुम्हारा गुह्य अंतर!—

ज्ञान जाए, मान जाए,
उतर आए
देह मन पर
प्राण पर
रस ज्योति निर्झर,—

जननि, रूपांतर
जगत का कर
निरंतर!

(चार)

तुम सोन के सक्ष्म तार सी
कितनी हो नमनीय
सहज कमनीय

तुम्हारे सौम्य मूल्य को
आक नही पाया
हेमागिनि
बवर भ्-नर।

सखि अतश्चेतने,
उपक्षा करता आया
मनुज निरतर
तुम्हें नगण्य
अवस्तु समझ कर।

भान नही उसको
तुम अपनी शील शक्ति स
हिमगिरि को भी उठा
नचा सकती छिगनी पर।

हाय, दप से चूर चूर
अब मानव का मन!
विद्या मद, धन पद
कुल यश मद—
सभी उसे मोहाध किए,
उन्मत्त उठा फन!

भूल गया वह मानवीय गुण,
निष्ठा, आस्था, सहृदयता—
तप त्याग, समर्पण!

नही जानता,
स्नेह दुग्ध ही से होता
जीवो का पोषण—
सत्य प्रेरणा ही से
जीवन का सवर्धन!
सहज भाव तन्मयता ही से
श्री शोभा स्वप्नो का सृजन!

हेम ल्ते हे
विवश कर रहा नर तुमको
तुम चडी रूप करो फिर धारण,—
ध्वस्त करो मिथ्याऽभिमान को
नष्ट करो गोखले नान को,—
अतमुख फिर करो ध्यान को
सचालित कर लोक यान को!

ओ निश्छल शिशु ही सी
हृदय-बोध-सी
चिन्मयि
आत्म नम्र सौन्दय स्पश पा
प्रिये तुम्हारा
यह ब्रह्माड स्वत ही सारा
स्वर-संगति में बँधा अखड
सजन लय नर्तित

श्री शोभा स्वर्गों मे
होता रहता विकसित
सित इगित मर्यादित ।
तुम
करो भ पथ फिर शासित ।

(पाँच)

तुम नही होती
किसे म, प्राण, पहनाता
सुनहली ज्योति ध्वनि पायल?
जिन्हें गढते किरण चुंबित
लहरियो के मुखर करतल।

मचलती ही क्यो लहरियाँ
दष्टि सर में?
स्वग किरणें ही उतरती
क्या धरा रज पर?—
विचरती मुक्त अबर में।

तुम न होती तो
वसत कभी बनाता
रूप-मासल
रिक्त वन का अस्थि-पजर?
जहा बारह मास रहता
हिम अकिंचन
निस्व पतझर।

सास लेंता क्या समीरण
गय में भर हृदय-स्पदन?
गध घट अहरह उडेल
समन भ्रमर का
निर्निमिप करत कि अभिनदन?

लना ही क्या कप
पिरोती हार कलिया क
विटप की बाह म
करन समपण
फुल्ल यौवन?

कोकिला निश्चय न गाती!—
(सष्टि भी किसका सुहाती?)
जम क्या लती कभी वाणी?—
किसे करती निवदन
वह प्रणय क्षण?

रिक्त होता अह निखिल ब्रह्माड—
नभ का नील भाड
कही छलकना मातिया स
प्रम की कणा पिराने?
गय का स्मति-दग खोन?
प्यार कर चरिताथ हान?

खोजता किसको भला तव ज्ञान
खोल सहस्र लोचन?
गहन निशि का भेद
सूची-भेद्य तम घन!
भक्ति जप तप ध्यान
करते विफल आराधन!

रहस चुंबित विजन में
कहाँ कँपता बाँह में
कंपित लता सा
लाज किसलय रँगा
कोमल कामना-तन?

तुम न होती तो प्रिये
सौंदय के सित चरण छूकर
पार कर पाता कभी मन
सत्य के दुर्जय शिखर?—
तन्मय हृदय
भव सिंधु पय तर!

(छ)

गुभ्र लाज मे लिपटी
    क्या हानी दग आचल?
प्रकृति
    मग्न तुम ध्यान लीन
    आत्मस्थ जान कर!
म तो दख रहा तुमको ही
    चित स्वरूप
        उर आसो म भर!

निष्क्रिय साक्षी बन
    क्या हाय करेगा आत्मन्?
अद्वितीय एकाकी
    अपने म स्थित निजन!—

प्राण
    तुम्ही उसकी प्रकाश
        गति स्थिति लय
    जिनके चरणा में तन्मय
        माधन उसका अपनापन!

खोज रहा था, सुरुचि,
तुम्हारे सृजन-स्वप्न हित
आत्मा की मर्मभूमि
प्रीति रस द्रवित धरातल,—

अंतर-पथ से उतर—
जहाँ उत्फुल्ल
चेतना का ज्योतिर्मय
श्री सहस्रदल!

प्रिय,
अनश्वर विरज स्थाणु को
जिसकी पद शोभा वर
रज अंकुरित निरंतर
रस ग्रहण सृजन के
मुक्त दिगंता में नित
उद्घाटित करती—
जग में लो स्वर्ण युगांतर!

जीवन मंगल के
अमिताभ परोक्ष में हँस
अंत सुषमा के
प्रकाश पुलकित अरुणारण्य
शिवे,
शून्य को बना
सव सपन,
सृष्टि के क्रम विकास में
यदि नव स्वर-संगति भरते—
क्या विस्मय?

शाप
उन्-त मयना ही
रह जाती स्मति-हीन—

अकूल चेतना सागर
क्षोभ करता भाव मग्न
हम दोना ही को
निस्तल नि स्वर।

तुम्ही बोधमयि,
मेरी अत सत्ता हो नि सशय,
तन मन प्राणा म लय।
मरी शोभा प्रियता ही
धर चद्र बिम्ब तन
भरती तदगत रस परिरभण।

मर स्वप्नो क ही स्तवक
उरोज शिखर बन
गख धाप भरते उर में
रस नि स्वर गोपन।

मेरी ही भावाकुलता
बन किसलय-पुट स्मित
मुख पिग्नी
मित अधरा मत।

रस ममज्ञे,
तुम असीम सहृदयता वश ही
उदय हृदय में होती
वधू उपा वन,
लज्जानत, श्री मडित ।

इससे पहिले,
बाहो में भर
मधुर चुबनो से रँग दू मुख,—
शोभा-तमय अतर
हो जाता सुख विस्मत ।

प्रिये,
तुम्ही हो प्रकृति पुरुप भी,
युगल मिलन भी,
अमत प्रीति भी—
जिसके प्रति
मेरा तन मन
सपूण समपित ।

मुझे तुम्ही ने
निज शिशु सहचर चुना,
तुम्ही हो मा,
प्रियतमा, सखी भी,—
एक, अभिन, अगुठित ।

(आठ)

स्नेह यह
सित हृदय-सौरभ
भाव पखो में
तुम्हारी ओर धावित!

देह पखडिया
बसी रज गध में
पर देह रज के यह न आश्रित!

हृदय-स्वण मरद कण हो
सहज सांसा में प्रवाहित
तुम्हें सक्ष्म अरूप स्पर्शो से
प्रिये यदि करें वष्टित,—

या अजाने
मम हा रस भाव स्पदित,
जग कँप
आनद मे हा राम-ह्पित —

तो समझना,
प्रेम ने स्वर्गिक अगोचर
बाहुओं में बाँध
तुमको वर लिया,—
कर हृदय अधिकृत!

सूक्ष्म से अति सूक्ष्म,
भ्रमते, ज्योति से भी आशु गति वह
प्राण मन में भीग
करता भाव मोहित!

देश काल न रोक पाते,
स्वप्न बन, स्मृति बन,
हृदय को हृदय से
तद्गत सतत करता मनोजित्!

कहाँ तुम हो, कहाँ हूँ मैं,
प्रिय उपस्थिति
प्राण करती रस निमज्जित,—

पहुँचता मन उड़
तुम्हारे पास तत्क्षण,
मिलन इच्छा से
तड़ित गति राग प्रेरित!

तुम कहा हो अज परा (इ),
रूप सौरभ हृदय में वस
मुझे करती आत्म विस्मत,

देह रहती दूर स्थित
तन्मय स्पहा ही
सूक्ष्म तन धर
गले मिल्ती
गूढ परिचित।

(नौ)

कवि हूँ, प्राण, तुम्हारा,
निज से हारा।

सृजन कल्पना कर से
छूता कोमल-अग तुम्हारे,
फूलो में जो खुल्ते प्यारे
श्री सुषमा में तन्मय सारे।

सौरभ पीता हूँ अधरो की,
सुधा सरो की,
नव मुकुलो की गध सूघ कर,—
ललने,
मेरा हृदय तुम्हारा
स्वप्न-नीड भर।

प्राण सखी तुम,
चूम मौन शोभा कल्पित मुख
हरने मोह निशा पथ का दुख
नयी उषाएँ लाता भू पर
लज्जा मडित, निस्वर।

बाहो में भरने तन
निखिल विश्व शोभा
अंतर में करता धारण—
गड़ा वक्ष में आनन।

वह तन्मय क्षण,
मौन समर्पण—
खुल पड़ता उर में
विराट शोभा वातायन।

मां हो तुम
मैं दिव्य योनि से
निकला बाहर,
शक्ति-अंक भर।

शिशु सा
छिपा गोद में निज मुख
भूल भेद दुख,
हृदय-स्वर्ग में
स्वप्नों के पलने में स्वर्णिम
नव जीवन प्रभात में अरुणिम
झूला करता—

साम साम में,
रुधिर रोम में

अनुभव कर
माता, नव जम ग्रहण सुख!
चरणा का छूता म
श्रद्धा आस्था स नत,—
कवि उर अभिमत,
उतरें सित पग
धरा कमल पर,
जन मगल का
भू को दें वर!

पौ फटने से पहिले

शून्य द्रवित हो
बहता उर में
वन रम निर्झर !

कौन सुनहली
जग गुजार
हृदय में नि स्वर
तुमको करती
श्री साकार
जगत मे भास्वर ?

भाव सखी,
तुम कहा समा सकती थी मुझमें,—
मुझको ही तुम
तदाकार
कर रही निरतर !

(ग्यारह)

कौन कह रहा
तुम अरूप हो निराकार हो?
रूप तुम्हारा निखर
लांघता रति
अरूप-तट
चित सुषमा का
ज्योति ज्वार हो।
ध्यान लीन मन में
जगती जब
तुम स्मित वदने,
आभा दशने,
शोभा वसने
भाव यौवने
हृदय कमल पर भास्वर,—

कालहीन दीखता अनंत
प्रणत चरणों पर

शव सा लुंठित निःस्वर,
निश्चल, तदाकार हो!

परम प्रीति तुम
रूप अरूप एक,
तुमको वर,
जड चेतन
सोते जगते
स्मित भ्रू इंगित पर!—
भेद अभेदा की तुम
तद्गत सत्य सार हो!

भाव भंगिमा से
श्री शोभा पड़ती चरचर,
खुलते अंतर में
चिद वैभव के स्तर पर स्तर!

आर पार संभव?
अकूल अथ इति का सागर
प्रीति बिंदु ही तरी
भेद पल में जाते तर!—
तुम्हीं भुक्ति में मुक्ति द्वार हो!

अंध गहन भू निशि
सूची पथ पाना दुष्कर—
प्राण बिना तुमसे पाए
चिद्-दृष्टि ज्योति वर!
प्रीति सूत्र तुम
तुम्हीं भाव मणि सृष्टि हार हो!

पौ फटने से पहिले

भू विकास पथ पर
अदृश्य तुम करती विचरण,
समदिग जीवन में कर
तप रत मौन अवतरण।

प्राप्त कर सके प्रीति-स्पर्श
तुमसे जन भू मन,
दृष्टि समग्र जना का दे
उर आस्था नूतन! —
हृदय चेतना की स्वर्णिम झंकार—
प्यार हो!
कौन बताता
तुम अरूप हो, निराकार हो!

(तेरह)

रात्रि का एकात क्षण
उर कक्ष निजन।

प्रीति पागी
नीद भी जागी
तुम्हारे ध्यान में सो,
मिलन सुख स्वप्न में खो,—
हृदय कवि का भाव अनुरागी।

विलासिनि,
प्राण उमादिनि
निभत उर कक्ष में आओ,
न मुग्ध, और विलमाओ,
हृदय सित प्रेम विस्मति में डुबाओ।

देह में मिल दह हो लय,
हृदय म हो हृदय तमय
प्राण प्राणा स लिपट
आनद रस मागे अनामय।

स्वप्न शयन,
शरीर आत्मिक-स्पर्श सुख भागी!

भाव उन्मेषिनि,
विकासिनि,
उर्वशी सी उतर
भास्वर चेतना नभ से
त्रिदिव सौंदर्य में लिपटी अनश्वर—

मर्त्य से उठ स्वर्ग तक
सित भावना रस-श्रेणि
तुम बनती अगोचर!—

शंख वर्तुल
भाव गौर
मराल शावक वक्ष
शोभा-पंख खोल-तरुण दिगंतर
मोह लेता कल्पना को
स्वर्ग सुषमा के दिखा
गोलार्ध सुंदर!—
प्राण कैसे हों विरागी?

वधू तन्मयते,
निखिल संशय रहित मन—
रूप वैभव के बिना
होता अरूप अनंत निधन!

देह

आत्मा से कही
ऐश्वय पावन,—
प्रेम को सपूण कर सकती
हृदय मन वह समपण !

स्वग ?

रति शोभा-मुकुर भर,
अमर
शाश्वत
बन प्रणय क्षण,
आत्म त्यागी !
कवि हृदय
रस भाव अनुरागी !

(चौदह)

तुम प्रसन्न उर के
सित प्रांगण में आती हो,
जीवन मन का
जड विषाद हर,
मुसकाती हो।

अंतमन की
सहज सौम्य स्थिति ही
प्रसन्नता,
होती जिसमें लीन
बहिर्जग की विपन्नता,
प्राणों में
आनंद मेघ झर
बरसाती हो।

क्या प्रसन्नता ?
फूलो का शोभा प्रफुल्ल मुख
वे विपण्ण रहते
तो मधुकर होत उन्मुख ?

तुम्ही मौन प्रेरणा
गुजरण भर गाती हो।

बाह्य यत्न से
अत शाति
न होती निर्मित,
वह वरदान तुम्हारा,
होती स्वत अवतरित।

तुम्ही पूणता
स्वण सतुलन
भर जाती हो।

वधू चेतन,
जड, अपूण,
जजर जग खँडहर
इसको निज आनद निवास
बनाओ सुदर।—

तडित स्फुरण बन
तुम अतर-पथ खिलाती हो।

काटो की झाडी में
रुँधे फूल सा कोमल
जीर्ण रूढि कृमियो से
विक्षत भू-अतस्तल!—

जग मयी,
जग से अतिशय,
तुम अपने में स्थित,—
जन भू हो
श्री शोभा मगल में
दिव् कुसुमित,
ज्योति-गर्भ अरुणोदय
तुम जग में लाती हो!

(पन्द्रह)

मरकत घट में
माणिक मदिर
सुधा भर जीवित
मा धरती,
तुझको करता -
जीवन - अभिषेकित।

ओ वराग्य विमूर्छित भारत,
छान बीन कर
म समस्त
आध्यात्मिक तत्वो को
चिद भास्वर—
तेरे लिए सुधा सजीवन
लाया मादक,
तेर ही चरणा का रहा
पिता म साधक।

यह नव युग अवतरण सत्य
उतरा जो भीतर
स्वर्ण शुभ्र आलोक अमृत से
अंतर-घट भर,—

पूर्ण,—छलकता
सात्विक
रजत ज्वार में बाहर—
अमृत पान कर
अग्नि पान,
ओ मरणोन्मुख नर!

सत्यों की अन्वेषी तू—
यह रस संजीवन,—
ओ प्राचीन भरत भू,
सित श्रद्धा कर अर्पण,—

तत्व पान कर,
मुक्ति पान कर,
प्रवयस् जर्जर,
काया कल्प समस्त करेगा
यह बहिरंतर!

मरकत घट पी
जीवन होगा शस्य श्यामल,
माणिक मदिरा
मन शिराओं में तेजोज्वल
चित् शोणित
संचार करेगी
ज्वाला स्पर्शी,—

स्वण शुभ्र आलोक
प्रेम का
अतदर्शी
रस समग्र चत य मेर वन
भूत जलधि तर
नयी दष्टि देगा
जग क प्रति ।—

जीवन इश्वर
विचरण करता
तुम्हे दिखेगा
फिर जन म पर
सित अखड रस में ल्य
दीखेंग क्षर अक्षर ।

मनुज प्रीति की
सुधा पान कर
मुग्ध विश्व जन
धरा-स्वग
निर्माण करेंगे,—
सजन प्राण मन ।

(सोलह)

तुम्हें सुनहली धूप कहूँ ?—
सित स्पर्श मनोहर!
चंपक तन,
काचन विनम्र
सौरभ का अतर!

सखि, अरूप चेतना
भावना
देती हो सुख,
स्वय चद्र ही
सौम्य बन गया हो
जिसका मुख—
गौर चाँदनी
ढल कोमल अगो में
मूर्तित
सूक्ष्म भाव को
इद्रिय सुलभ
बनाती हो नित—

तब किसको भाएगा
प्राण, अरूप, अगोचर!
किसका स्पर्श
करेगा तन्मय
रोम हर्ष भर!

वही रेशमी ज्योत्स्ना
तन की बनती वेष्टन?
स्पर्श तुम्हारा
तन मन को
करता रस चेतन!

क्या न अरूप
प्रसार
तुम्हारे मधुर रूप का?
व्याप्त धरा में जो जल
वही न वारि कूप का?

भाव वत्सले
स्वप्न मांसले,
मैं हूँ विस्मित—
तुम्हें देख कर भी
क्या देख रहा मैं
निश्चिन्त?

छूने पर भी
छू पाता हूँ—
नहीं मानता,
तुम अरूप हो
स्मिते, रूप—
मन नहीं जानता।

प्रमे, अरूप,
रूप से पर—
रस सम्मोहन में
मुग्ध हृदय
तुमको पाता
तन्मय अर्पण में।

(सत्रह)

सित स्फटिक प्रम,
मन जिसकी माला जपता,
स्ववह्नि प्रेम,
जिसकी ज्वाला में तपता।
रस अमत प्रेम
जिसको उर तन्मय पीता
अहि दश प्रेम
रस गरल कठ में, जीता।

कवि प्रम-पीठ
जन भू पर रचन आता,
मह घणा द्वेष भय दश
प्रम-पद गाता।
विश्वास उसे
जग प्रम धाम इश्वर का
उर आकाशी
जन भ मगल के वर का।

लटकी अनत रस रज्जु
ऊर्ध्व अवर से
चढता वह,
पकडे श्रद्धा आस्था कर स।
भू जीवन निधि हित
करता वह आरोहण,
बन सके धरा-मन
प्रभु के मुख का दपण।

भावना रज्जु दढ,
सत रज तम गुण निर्मित,
सित स्वण रजत सँग
अयस-शूल भी गुफित।
छिदते रस ग्राही प्राण—
रक्त रजित तन,
बढ़ता मन अविरत—
सीती प्रभु करुणा व्रण।

पा सूय लदय
प्रेरणा दीप्त कवि का मन
छेडता मुग्ध
नव भू-जीवन के गायन।
मागल्य धाम हो
भुवन धरा रज प्रागण,
भू जीवन मन हो
मनुज प्रीति के दपण।

अतर-शोभा से निर्मित भू
प्रभु का घर
भौतिक भव हो
आत्मिक वभव पर निभर।

रे प्रथम बार अब
अह भाव केंद्रित नर
सित प्रेम मूल्य की नीव
धरा रज पर धर

रचता जीवन प्रासाद—
खोल लोकोत्तर
सामूहिक जन मगल क
स्वग दिगतर।

जन राशि मनुज-गुण हो
भू पर सयोजित—
जीवन समद्धि हो
बहिरतर सपोषित।

जा तम का घोर प्रहर
जन साधारण का
वह नव प्रभात आगम-क्षण
जाग्रत मन का।

चढता ज्या मन
झरता भू पर नव जीवन,
हटता चिन्मय क मुग्न से
मणमय गुठन।

जन भू ही इश्वर का आवाम—
न सशय
अयत्र न स्वग, न इश्वर —
यह र निश्चय।
निमाण करें जग का
हम पा प्रभु आशाय,
वह प्रेम,—
इच्छ भू-स्वग-सजन तप में ल्य।

पौ फटने से पहिले

(अठारह)

फिर उडने लगा
सुवण मरद
चिदवर से भर
त मय स्पर्शो स
मन शिराएँ
कपती थर थर!

उर दह भीति स मक्त,
रोम रस-हर्षित
ओ भाव माहिनी
मन अन पूण अनावत!

क्या करत कृत्रिम
जप-तप व्रत आराधन
तुम न गन मिन आम्या पथ स
कर विचरण—

जड को छू
नव जीवन मे करती चेतन।

स्वप्ना के क्षितिजा में
तुम खोल रही उन्मेषित
नित नए रूप के अतरिक्ष
अत सुख प्रेरित।

उर रूप तुम्हारा धर
नव श्री सुषमा से वेष्टित
होता तुममे लय
रति, समग्र रस अर्पित।

तुम मेरा तन धर कर
मन करती मोहित,
शव बनता शिव
पा शक्ति स्पर्श मत्युजित।

(उन्नीस)

जहा जहा तुम रखती
    शुभ्र चरण चल—
        भूतल
वहा वहा हो उठता श्याम
    दूर्वा श्यामल।
ज्योतिमय हो उठते रज कण
तडित स्पर्श से
    सूर्य चंद्र बन—
प्रेम
    कौन विश्वास करेगा
    जिसने कभी नही जाना हो
    स्वप्न चरण तुम सृजन भूमि पर
        कम करती विचरण।

भिन्न उर मरमी में सरसिज
रूप सृष्टि गढ़ना मित मनसिज
अर्पित कर तुमको पावक निज।

सजन चेतने,
स्वप्नो के खुलते
अतर मे स्वग दिगतर
अप्सरिया सी उडती
उन शोभा शिखरो पर!

गा उठते प्राणो के भुवन अचेतन,
देवदूत चलते
मोहित
मरकत घाटी में प्रतिक्षण!

जहा तडित अगुलि
करती सित इगित,
जहा मौन वजती पग पायल
ध्यान शयित
जगता अतस्तल!—

नए सूक्ष्म सौन्दय भुवन
उर मथन से उद्घाटित
प्राणो मे हो उठते जागत,—
भाव बोध सपदा
हृदय मे कर रस वितरित!

सवेदने,
हृदय ही मेरा श्यामल भूतल
सजन भावना ही दूर्वादल,
रूप प्रेरणा
तडित स्पश चल —

अतस ही
युग बोध तरगित
चित सरसी जल।

रति सुग प्रीत
मनो ल्हरियो में नित
नील चरण स्मित
शशि पद चुवित
भाव कमल अगणित
अपलक
श्री पद चिह्ना से
हो उठत प्रस्फुटित—
प्राण वर उपहृत।

(बीस)

प्राणो की सूक्ष्म सुरभि उड
प्राणो म छा जाती,
तुम अतर म आती।

शोभा के चपक मरद कण
मधुर उपस्थिति से भरते मन,
कौन मौन गुजार
स्वप्न मे सी जग
क्या कुछ गाती।

बुद्धि भूल जाती भव चिन्तन,
भाव पख उडते स्वर्गिक क्षण
उतर उपाएँ
नयी चेतना उरम लिपटाती।

स्वर्णिम अकुर-से सवदन
मन में उगते अतश्चेतन,
माणिक ज्वाला के चित जल में
जीवन शोभा होती।

श्रद्धा होती स्वत समर्पित
नव आस्था स भर उर दीपित,
प्राण,

सवगत तन्मयता जग
प्राणो में अकुलाती।

निखिल विश्व मन को कर अतिक्रम
अपने ही में स्थित, चिर निरुपम
मुक्त परात्पर हप शाति
तुम रोओ में बरसाती।

एक बार पा स्पश परात्पर
अनघ विद्ध हो उठता अतर
प्रीति

साथ तुम क्षर अक्षर पर —
रति प्रिय मति न अघाती।

(इक्कीस)

प्रिये,
तुम्हारी स्मृति आते ही
स्वर्णोज्ज्वल चित् लोक
हृदय में होता मुकुलित,
तन्मय कर सित अंतर!

झर पडते मन के सुख दुख व्रण
मधु आगम में झरता ज्यों
हिमवन का पतझर!

धुल जाती मन से
जग की रज,—
ह्रास निशा मे जो जग निद्रित,
हृदय मुकुर मे
श्री शोभा अम्लान
सहज हो उठती बिम्बित!

मघ पटल स निकल चाद
ज्यो इद्र धनुष मडल स्मित
लगता शोभित —
सूक्ष्म भाव किरणो से विरचित
मूर्ति तुम्हारी
करती उर आलोकित !

अतमन की सित प्रतीक तुम
बहिर्जगत में
अभी स्थूल छायांकित
लगता
एक अखड क्षणि म
भू जीवन में होगी
स्वर्णिम सजित !

रस चैतन्यमयी
तुम चद्र-तरी हो
जिसमें तिर भरा मन
नान नीलिमा नभ अनग्र क्षण भर म
वहाँ पहुँचता ध्यान लीन
मिन प्रीति स्वग में
जहाँ वास करती तुम
निम्नल
प्राण सुधा सागर में !

परा चेतने,
तन मन प्राणा में
विखरे वभव ही से जो
प्रान तुम्हारी प्रतिमा करते अंकित,
वाह्य ड्योढिया ही में फिर वे
मदिर का अनुमान लगाते
गढते मूर्ति
वहिर्वैभव पर विस्मित!

शशि शेखर स्मित वगूरे की
झलक देख भी ले यदि
विद्या गर्वित,—
ओ हिरण्य सौदय रश्मि गुठित
जब तक, जन का अतर हो
नही तुम्हारे
तन्मय स्पर्शो से रोमाचित,
स्वय तुम्ही साकार रूप धर
हो जाओ न हृदय में तदगत अंकित!

तब तक, अतिमे,
जग की भूलभुलया म मन
भटका करता
वाह्य सिद्धिया प्रति आकर्पित—
हो पाता न भाव रति विस्मृत
चरणा पर
सर्वस्व सर्मापित!

हे अंतर्मयि
जीवन मन के सभी स्तरों पर
स्पर्श पा सके हृदय तुम्हारा
सतत तुम्हीं में तन्मय—
लय हो अहं रचित जग सारा—

भू जीवन का सूर्य दिशा दे
जन प्रांगण में
उतरे नव अरुणोदय !

(बाईस)

किस असीम सुषमा के
स्वप्न-ग्रथित अंचल में
प्रिये, लपेट लिया तुमने मन।

द्रुपद सुता का चीर
रेशमी मसृण स्पर्श की
सूक्ष्म प्रेरणा से पुलकित कर
अंतश्चेतन,
मार्जन करता
नव रूपों भावों के वेष्टन।

ज्यों प्रभात मुख स्मिति से
जग की निखिल वस्तुएँ
हो उठती श्री शोभा मंडित—
बदल विश्व ही जाता मेरा
स्वर्ग चेतना से हो दीपित।

अयि इद्रिय सुलभ,
ये इद्रिय भुवन
स्वग के रस पावक से प्राण प्रज्वलित
दश्य गध रस स्पश शब्द की
भाव श्रणिया करत नव उद्घाटित।

सौरभ स आकृष्ट
तुम्हार सित भुवना की
निखिल सत्व ही
स्वण भग सा मम गुजरित—

नव जीवन मगल का मधु
सचय करन को
मुग्ध तदगत
करता प्रेरित।

रम वसत नव आया!
प्राणा में सोई समीर जग
अतर करती गध उच्छवसित!

जग स्वप्न नभ में
नया भाव सौन्दय
हो उठा ज्वाल पल्लवित
चित मरन्द में
नए मम्म मधन्न के स्वर
व्याप्त मम में पुलकित!

जन प्रतीति चेतन,
हृदय के सित प्रहप
सौदय लोक में
मानव मन हो जागत—
पतझर वन सी
झरें विकृतिया वहिरतर की,
प्राण मनस हो सस्कृत!

प्रिय दर्शिनि
भू की कुरूपता मिटे,
इद्रिया तन्माना हो विकसित—
तुममे रह सयुक्त
मनुज जीवन हो पूण,
समद्ध, अखडित!

(तेईस)

प्रिय,
　　अदृश्य चरण चाप सुन
　　भू होती तृण रोम प्ररोहित
तो विस्मय ?—
　　　जड   रम चेतन
जीवन शव हात
　　　पद   छ जीवित।

　　　　　　　　अचल सा फहरा समीर
　　　　　　　　हो उठता आत्म-बोध रज सुरभित
　　　　　　　　बाग मसृण स्पर्शो स
　　　　　　　　पवत कपित
　　　　　　　　सागर   चद्र तरगित।

खिच अगा की भाव गध
मन हो उठता भृग गुजरित
प्राणा में
　　　स्वर्गिक स्मास्न म
　　　　　होता मगीन प्रवाहित।

आत्मशील्मयि,
शोभा वाहो में बंध अतर
हो उठता रस-त मय, विस्मृत—
वह सित विस्मति मुझे
सूक्ष्म आनद-लोक में
करती जागत।

बदल विश्व पट जाता तत्क्षण।—
विहग मधुप गाते उमेपित
लहरें मणि पायल कर झकृत।
चद्रलेख मस्तक पर शोभित,
उपा लालिमा हो उठती
सौभाग्य लाज से मडित।

काम पान कर
अग्नि मदिर
पावन अधराऽमत
विश्व सजन स्वप्ना में
रहता व्यस्त अतद्रित।

प्रीति लाजमयि,
इद्रिय तुमको ही पाती
रस गध स्पश में—
बुद्धि तुम्हें ही
भावा में, चिन्तन विमश में।
अत स्थित तुम रखती मन को
शोक हप में।

अतयुवति,
नया ही मानव बन
जगता म
तुमम ध्यानावस्थित
उर
नि सीम शाति म मज्जित —
साथक स्वर-सगति म बँधता
भू जीवन
सघपण मथित—
तुमको अपित !

(चौवीस)

कुछ भी नही यथाय जगत में
तुमस अकलुप, मोहक, सुदर
किरण-तन्वि, चेतना स्वण से
विरचित गोभा-सूक्ष्म कलेवर।

भय सशय हो जाते अवसित,
इच्छाएँ तुमको पा उपकृत,
स्वग धरा में जो कुछ भी प्रिय
भाव-तरुणि, तुम उससे प्रियतर।

नही जानता, प्राण, कौन तुम,
जगती उर में ध्यान मौन तुम,
श्री सुपमा में तन मन मज्जित
रम तन्मय करती नत अतर।

तप्त देह रज, रोम प्रहर्पित,
भाव जगत् चित-स्पश सतुल्ति,
स्वर सगति में गॅंध-से जाते
अतरतमे समस्त चराचर।

भीतर से तुम समधिक बाहर
सक्रिय रखती भू-जीवन स्तर
नव विकास क्रम को गति देती
विश्वरूपमयि, काल सिधु तर।

मन बाहर विचरे या भीतर
पूण निछावर हो वह तुम पर
शिव से शिवतर निखर भावना
भू मगल रत रहे निरतर।

(पच्चीस)

सुधा सिंधु में रहती हो तुम
मथे न संशय
प्राण, उपस्थिति से ही
उर का कलुष गरल गल
जीवन मंगल में
परिणत हो जाता मधुमय।

पुराकाल में हुआ
अमृत विष का जब वितरण
शिव को
विष को पड़ा कंठ में करना धारण।—
रहे पृथक ही अमृत गरल
दो तत्व सृजन के—
तुमने रूपांतरित उन्हें कर
जन भू मन में
दिया विश्व को अतर्क्य का
परम रसायन।

कल का अमत गरल बन
गरल अमत सजीवन
भव विकास का गौरि,
बन गया श्रेय सचरण !

विगत राशि गुण महत क्षुद्र घुल,
पाप पुण्य धुल
भू श्री शोभा गरिमा में
होते रूपायित,—
ज्योति स्पश पा
जीवनमयि, कर आत्म उनयन !

क्षमे
अनत तुम्हारी बाँहें
अग जग विस्तत
नख शिख
आत्म नील तुम
धवल प्रीति अपरिमित—
रवि शशि दग,—पथ करते दीपित
उडुगण हार वक्ष पर शोभित !

म हूँ विस्मित !—
क्या भारत
युग युग से आत्मज्ञान से प्रेरित
युग युग से श्रेयस प्रति अर्पित,
आज अध-सस्कृत जग का कर
अध अनुकरण
हाय खो रहा निज गौरव धन !—

क्या न पुनः विष पी जन भू का
युग सागर से मथित—
अमर प्रेम की बाहें खोल
नहीं समेटता भू जीवन को
(जो बहु भेदों में खंडित!)
अंतर्विरोध कर प्रशमित!

उसे नम्र रहना,—
विनम्रता आत्मा का गुण,
भू संकट सहना,—
जनगण हित व्रतपथ चुन!

मनुज प्रीति में उसे बाँधना
युग भू जीवन—
निज दिग भ्रांत निकट देशों के
पूज घृणा व्रण!

अणु से कहीं महत
आत्मा का बल निःसंशय,
(वह ध्वंसात्मक,
यह रचनात्मक)—
सब प्रेम ही
चिन्मय आत्मा का गुण निश्चय!

वही श्रेय की शक्ति,
उसी की अंतिम दिग् जय!
दृढ़ आस्था रख
जन हो निर्भय!

(छब्बीस)

सक्ष्म गध फली अबर में।
मधुर प्रणय की भाव-वदना
    अँगडाइ लेती अतर में।

बसी सुरभि तन मन प्राणा में
फूट रही तन्मय गानो में
बाहर भीतर व्यथा सुनहली
    छाइ कोकिल मधुकर स्वर म।

उमडा प्रेम वह्नि का सागर
तपते सुख में चद्र दिवाकर,
ज्योति सूत्र तुम—
            गुथी अगोचर
    स्वग मत्य में क्षर अमर में।

मुकुलित स्वप्न-स्मित नयन में
स्वप्न भुवन वह विस्मित मन में
भाव तडित सी प्राण जलद में
    लिपटी तुम उर के स्तर स्तर में।

छाया वहिरंतर संघर्षण
आदोलित जग का उपचेतन,
आया भू मानस मथन क्षण—
व्याप्त वेदना सचराचर में।

वहिर्भीत युग मानव जीवन
भय संशय से जन मन उन्मन,
गहन व्यथा-तम वन ठहरी तुम
अरुणोदय के प्रथम प्रहर में।

सूक्ष्म गंध में मज्जित अंग जग
स्वप्नों से चिह्नित जन भू मग,
दौड रही रस माणिक लपटें
जन जीवन की लहर लहर में।

भाव व्यथा से परमे निखरो
रूप सत्य बन भू पर विचरो,
स्वप्न तरी तुम,
पार लगाओ
युग मन वस्तु-तमस सागर में।

(सत्ताईस)

बाँधे चित सौन्दय सिन्धु
सित बाहु पाश म
तुम रस मज्जित करती अतर।
स्वण हस भरते उडान
उर अतरिक्ष म—
जीवन शोभा
पडती झर झर।

सत्य स्वत ही भाव रूप धर
तुममें होता शोभा-गोचर
प्रीति तन्मय
रस ग्रहण का स्पर्श
प्राण तन मन लेता हर।

रंग इन्द्र धनुष तृण चुन कर
कल्प नीड रचना हो सुखकर,
बिना तुम्हारी दृष्टि रश्मि के
चित्र बिम्ब स्वर
आडंबर भर।

फिर भी प्रिय पगध्वनि सुन प्रेरित
जो अरूप छवि कर छायाकित
भू पथ करते शोभा दीपित—
उन्हें सहज मन देता आदर।

बरस रहा आनद अपरिमित,
तन मन स्वर सवेदन पुलकित,
स्वर्णिम अकुर सी तुम शोभित
प्राणो की भू में रस उवर।

हृदय सत्य की शोभा प्रतिमे,
सित अतर ग्रहप की अतिमे,
उतर रही तुम स्वग उषा सी
दीप्त भाल पर चद्र रेख धर।

स्वप्न-सेतु रच भाव मनोहर
विचरण करती बाहर भीतर—
वितरण कर तुम चिद् रस सपद्
धरा स्वग को बाध परस्पर।

(अट्ठाईस)

स्वण तार सी
कौन चतना
द्यावा पथिवी म रस गुफित ?—
मम प्रीति क
अमत स्पश से
आज हो उठी उर में झकृत !

तन मन क मूल्यो म सीमित
जन भ जीवन जजर खडित
जुगनू बन
चिन्मणि किरीट रवि
अधकार क्षण
करता वितरित !

बन्द पवन
रज कण बन
लुठित—

रस समुद्र
  अंजुलि पुट गुंठित,
तृणवत नत
  हत सत्पौरुष वट
रेंग रहा
  पदम में कुत्सित!

स्वर्ण किरण
  छू कर जन भू मन
भय संशय
  तम में जाती सन,
वस्तु रूप ही सत्य,
  देह रज
आत्मा को करती संचालित!!

पक्षघात पीड़ित मानव मन
  सत्य न अब कर सकता धारण,
पंगु आत्म पौरुष
  लँगड़ाता
रस अतृप्त भव-तृष्णा मर्दित!

भले विफल हो
  सूक्ष्म भाव-श्रम
बढ़ता ज्ञान
  जगत विकास क्रम,—
असफलता ही
  लक्ष्य सिद्धि की
प्रथम सफल श्रेणी—
  यह निश्चित!

(अट्ठाईस)

स्वण तार सी
कौन चेतना
द्यावा पथिवी में रस गुफित ?—
मम प्रीति के
जमत स्पन से
आज हो उठी उर में झकृत !

तन मन के मूल्या म सीमित
जन भ जीवन जजर खडित
जुगनू वन
चिन्मणि किरीट रवि
अधकार क्षण
करता वितरित !

वत्र पवत
रज वण वन
लुठित—

रंग समुद्र
अंजुलि पुट गुंठित,
तृणवत नत
हत सत्पौरुष वट
रँग रहा
कर्दम में कुत्सित।

स्वर्ण किरण
छू कर जन भू मन
भय सशंक
तम में जाती सन,
वस्तु रूप ही सत्य,
देह रज
आत्मा को करती संचालित!!

पक्षघात पीड़ित मानव मन
सत्य न अब कर सकता धारण,
पंगु आत्म पौरुष
लँगड़ाता,
रस अतृप्त भव-तृष्णा मर्दित।

भले विफल हो
सूक्ष्म भाव-श्रम
बढ़ता ज्ञान
जगत विकास क्रम—
असफलता ही
लक्ष्य सिद्धि की
प्रथम सफल श्रेणी—
यह निश्चित।

नात मुझे,
    तुम सार सत्य सित
विम्ब जगत
    तुम पर अवलवित,
करवट लती विश्व चेतना,
    एक वत्त
        होने को अवसित।

इसीलिए
    स्वप्ना से स्पदित
कवि रस मानस
    आज अतद्रित—
भू मगल मधु सचय करने
    स्वण भग
        उर भाव गुजरित।

(उन्तीस)

भावों की बँट
सूक्ष्म रज्जु मित
बाँध रही तुम जन भू मन को
स्वर्ण ऐक्य में,
प्राण, अपरिमित!

गूथ हृदय स्पंदन स्त्री नर के
भेद चूर्ण कर बहिरतर के,
रस स्वर्णिम चेतना ज्वार में
भू मन के तट
करती प्लावित!

देह भावना रज में सीमित
राग चेतना मुग्ध अवगुंठित,
सूर्य स्पर्श से प्राण-पंक में
प्रीति पद्म
तुम करती विकसित!

श्री सुषमा के स्वर्ग दिगंतर
खोल हृदय में सित चिद अंबर,
तुम जीवन का मृण्मय आनन
नव प्रकाश से
करती मंडित।

कौन अनाम सुरभि उड गोपन,
जाने तन्मय करती तन मन
देह प्राण मन की सीमाएँ
रस प्रहृष क्षण में
कर मज्जित।

स्वप्न क्षितिज करते दृग विस्मित
भाव स्पर्श प्राणों को पुलकित
युवति, सुनहले संबंधों के
प्रीति सेतु
तुम करती निर्मित।

उर के बिखर सूत्र सजो कर
भाव शृंखला गढ तुम दृढतर
अहं मग्न जन कूप वृत्ति को
प्रीति स्पर्श से
करती विस्तृत।

मनुज-सत्य ही जीवित ईश्वर
जिसे प्रतिष्ठित होना भू पर,
राग चेतना के विकास पर
भू जीवन विकास
अवलंबित।

(तीस)

तुम मेरी हो,
हाँ, सचमुच मेरी हो।
विस्मित मत हो,
सखी रूप में
तुम समग्र मेरी हो।

मुझ अधूरा कम ही भाता,
हृदय पूणता के प्रति जाता।
तुम्हें प्यार करता म मन से,
हृदय सखी तुम, बडी वहन से।

देह प्रीति से
यह रति ऊपर,
धीरे ही आस्था होगी
तुमको चिद गति पर।

निज मन में मेरे सँग रह कर
शुभ्र भाव लहरों में वह कर
सशय रहित करो निज अतर।

स्वग ज्योति का सित वातायन,—
खोल रुद्ध भू मन में नूतन,
भू विषाद म हर जाऊँगा,
नयी चेतना बरसाऊँगा।
युग सघर्षण के
जन उर व्रण भर जाऊँगा।

आधा धूम तुम्हारे मन का
मिट जाएगा—रज भय तन का।
शत प्रतिशत भय सशय
तब होगा निर्वासित
जब सामाजिक स्तर पर
प्रेमा होगी स्थापित।

भू विकास की सप्रति जो स्थिति
मन स केवल सत्य प्रीति को
मिलनी स्वीकृति।

जीवन स्तर पर पीछे होगा
बोध प्रतिष्ठित
जब भू मानव
होगा सस्कृत।
शक्ति पात से
मन शिराएँ होगी झकृत
हृदय
नयी स्वर्गिक शोभा गरिमा म स्पदित।

निष्क्रिय शुष्क विराग मिटेगा
जीवन मन का
मजन-रूप म प्रकटित होगा
उर जन जन का।

सूक्ष्म तडित् से जाग्रत होगा
निद्रित अंतर,
सक्रिय होंगे भू जीवन के
बहिरंतर स्तर।

रह पाएगी नहीं
मनुज के प्रति विरक्ति तव
धरा प्रीति में परिणत होगी
मूत भक्ति जन।

रहे देह में क्या मन सीमित?
खुलें भावना के दिगंत—
आत्मिक ऐश्वर्यों से
आलोकित।

भू जीवन चेतना अनंत—
न पिंजर बद्ध रहे भू मन
पति सुत परिजन से ग्रसित
देह भय पीड़ित।
प्रीति ग्रथित हो भू नारी नर
काम तमस के कूप से उबर।

विश्व विकास स्वयं क्या होता?
बीज आप्त नर उसके बोता।
जो विकास ध्वज-वाहक होता
वह भू जीवन साधक होता।

ईश्वर मुख में होना परिचित
मित चैतन्य स्पर्श में दीपित।
प्रभु से ही पा वह सित इंगित
गुह्य बोझ में मंथर-गति नित—

नयी दिशा देता जीवन को
संयोजित कर
विघटित मन को।

कवि होता सम्राट न
वह सेना अधिनायक
होता सित चित रस चातक,
जन भू उन्नायक।
नहीं बदलता वह जीवन को
मात्र दृष्टि भर देता जन को।

दृष्टि?—चेतना जो नव
चुपके पैठ हृदय में
विकसित होती शन
नए युग अरुणोदय में।

भाव पल्लवित-पुष्पित होकर
उर में स्वर्णिम चित सौरभ भर
श्री शोभा मांसल करती वह
गत जीवन वन पतझर।

इसीलिए,
चाहता प्रीति की शुभ्र पीठ बन
हृदय ज्योति का करा
देह रज पर आवाहन।

(इकत्तीस)

धसी किरणें बरस रही
जाने किस नभ से
प्रिय-श्री पाटल का मुख
फाल्गुई आभा से
दिखता परिवृत।
शुभ्र कुंद कलियां
स्वर्णिम हँसमुख मंडल से
लगता शोभित।

किस प्रेमी ने
प्यारी पत्नी के विछोह में
प्रिय शोभा श्री
भू पलका पर करने अंकित
स्मृति-पाटल को जन्म दिया
स्वर्गिक सुख सुषमा से कर भूषित ?

फूलो की पखडियो स रच
अमर काय सित,
वानस्पत्य जगत कर
स्वग मुकुट से मडित।

विश्व युद्ध को अर्पित
इसका शाति नाम
बरसाता उर मे
शाति अपरिमित।

अब समझा
ये किरणें
नम्र प्रेम की किरणें
बरस रही चेतना स्वग से
जन भू का मन वरने।

हृदय चेतन
सूक्ष्म तुम्हार अमत स्पश से
हो उठता रज का रूपातर
तण तरुओ क जग स भी
स्वर्गीय दीप्तिमा पडती यर यर।
—निमम रह सकता उनस प्रति
क्य तक मानव अतर?

शानि चद्रिके
एक सास्कृतिक सूय
अस्त होन का निश्चय
तुम्हें मगमयि द
निज उर सिहामन सविनय।

पौ फटने स पहल

अभी न उस पाटल ने
ज म लिया जन भू पर—
जिसकी स्वप्नो की पल्को पर
अमर प्रीति की पखडिया खुल
अत सुदर—

सुधे,
तुम्हारे रसश्वय के
स्वण दिगतर
खोल सकगी जन मन में—
जग को उपकृत कर!

अत शोभा का विस्फोट
श्रवण कर नि स्वर
जाग उठेगा सोया
आत्मा का रस अबर!

तभी सजन उवर भू रज पर
पूण शाति लेगी सित ज म
मूत कर तुमको—
नश्वरता ही में
अविनश्वर!

पोस' नामक रोज से प्रेरित।

(बत्तीस)

कितनी दया द्रवित लगती तुम
माँत प्रकृति बन
मरी कुटिया
उर में करती रहती धारण।
उन्हें गन कर स्नेह निवारण।

दोषा में गिर
दोषा स फिर उठ प्राण मन
दाषा ने ही किया
विमाता बन
मेरा क्रण लालन पालन।
दुबलताआ से ही म
निन नवीन सीच
बढ सका निरतर—

प्राण, डूबने दिया न तुमने
बन असीम सहृदयता सागर!—
चिर कृतज्ञता से
बरबस ही
आँसू पड़ते पर झर!

क्या मैं शिशु से
कभी प्रौढ़ बन पाया?—
स्मरण न किंचित!
माँ, तुमको करनी थी
कितनी सेवा अर्पित!—

पर, मैं फिर अब
वृद्ध बाल बन
तुम्हें पुकारा करता प्रतिक्षण!

ओ अनंत यौवने,
तुम्हीं नव स्तन्य दान दे
मुझमें
नव मानव आत्मा का करती पोषण!

गाता मेरे शोणित में
वह स्वर्ग स्तन्य वह,
शोभा ज्वाला में
होता रहता उर रह रह!

जो करता
    मन का प्लावन
    धरती पर छाकर
अतल निमज्जित कर दे
    मनुज क्षुद्रता दुस्तर,
युग युग का
    किल्विष विषाद हर।

जन भू जीवन मंगल स्वप्नों से ही प्रेरित
अंतरतम में
नया विश्व मैं करता निर्मित,—

दोष शुद्ध हो जहाँ न भले
        मनुज का जीवन
भाव शुद्ध हो
        पर मानव मन।

दोष प्रगति-सोपान शन
        बन जाते सत्वमय,
अनघ-स्वप्नमयि
    जो अंतर तुममें रस-तन्मय।

(तैंतीस)

तुम्हें ज्ञात हो,
कभी न मन में आया
मैं हूँ मातृ-हीन,—
दारा सुत दुहिता
सखी प्रेमिका से भी वंचित।

रहा सदा उर भाव लीन—
मा तुम्हीं ज्ञात अज्ञात रूप से
पूर्ति प्रेम की करती रही
हृदय में हो स्थित।

अब लगता
पत्नी संतति प्रणयिनी
सखी—सब मात्र
प्रीति के लघु स्फुलिंग भर।

जी करता,
मन का प्लावन
धरती पर छाकर
अतल निमज्जित कर दे
मनुज क्षुद्रता दुस्तर
युग युग का
किल्विप विपाद हर।

जन भू जीवन मगल स्वप्नो से ही प्रेरित
अतरतम में
नया विश्व म करता निर्मित,—

दोप शुद्ध हो जहा न भले
मनुज का जीवन,
भाव शुद्ध हो
पर, मानव मन।

दोप प्रगति-सोपान गन
बन जाते सरसमय
अनघ-स्पर्शमयि
जो अतर तुममें रस-तन्मय।

(तैंतीस)

तुम्हें ज्ञात हो,
कभी न मन में आया
मैं हूँ मातृ-हीन,—
दारा सुत दुहिता
    सखी प्रेमिका से भी वंचित।

रहा सदा उर भाव लीन—
मा तुम्हीं ज्ञात अज्ञात रूप से
पूर्ति प्रेम की करती रही
    हृदय में हो स्थित।

अब लगता
    पत्नी संतति प्रणयिनी
    सखी—सब मात्र
प्रीति के लव स्फुलिंग भर।

तुम निसीम प्रेम पावक घन,
जिसकी चिनगारियाँ नगण्य
सूर्य शशि, उडुगण !—
दिशा काल मुख
जिनसे भास्वर !

सब अभाव भर दिए
रिक्त कवि उर के भरे
तुमने अतुले,
भाव मनोरमता में मूर्तित !
अमित प्रीति की बाहु घेरे
रहो मुझ—अंतर कर पुलकित !

जिसे स्पर्श मिल चुका
तुम्हारी अमृत प्रीति का
एक बार,
उसको मा
छाया ही सा फीका नीरस
लगता असार संसार—
सार जिसकी तुम निरुपम !—
स्वयं विलय हो जाता
अहं रचित जग का भ्रम !

और प्यार ?
वह बन प्रकाश मणि द्वार
खोलता नित अनंत
शोभा ...गित
जग सम्मुख
दृष्टि स्वप्न ही सुल
होती जनमुख !

कितनी शोभाओं में तुम
        चलती जन भू पर!
कितने मीन नयन, किंशुक नासाएँ,
किसलय अधर, कपोल मुकुर-से
      भाव मुग्ध रखते अंतर—
शिशु हम वक्ष, कृश कटि
मांसल अवयव शोभा-संगति भर!

खुल पड़ता मन मंजूषा का वेष्टन
    हीरक मणि सी हृदय मध्य स्थित
    करती तुम अंग-जग आलोकित—
लगता,
        तन मन मात्र आवरण
        तुम्हीं वास्तविक सत्य, स्वयं,
            जिस पर जीवन अवलंबित!

(चौंतीस)

पग पग पर
मुझसे त्रुटि होती!
सूक्ष्म चेतना क्षेत्र
स्थूल मति
निज विवेक बल खोती!

ज्योति-स्पर्श उर करता तन्मय
देह भाव-तम उपजाता भय,
पंगु बुद्धि
संशय द्वाभा हत,
व्यथा भार श्रम ढोती!

मूल्यों का संकट युग भीषण,
कौन करे जीवन निर्देशन—
आत्मा मन या रज-तन—
कहीं हृदय-चेतना रोती!

प्रिये, हृदय जब तुममें तन्मय
तन मन आत्मा एक असंशय,
उर्वर जीवन रज में तुम नित
नव प्रकाश कण बोती।

आत्मा के प्रतिनिधि स्त्री-नर मित
देह बाध में रह न सीमित,—
अनघ प्रीति में बाँध देह-मन
तुम रज कल्मष धोती।

भाव शुद्ध हो मनुज मग्न हृदय
ठहरा नव जीवन अरुणोदय,—
अन्य हृदय में होती जब तुम
देह भावना सोती।

राग चेतना का भव सागर
तुमुल तरंग मथित जन अंतर,—
रजत-सीप उर प्रणति,
स्वाति जल प्रीति,
हँसे चित मोती।

(पैंतीस)

दृष्टि मुझे दी प्रभे,
देखता हूँ म जग को!—
बन भुजग-स
युग भू जीवन
क्रम विकास मग को!

व्यक्ति न अब,
जन त्रिविध शक्तिया क
प्रतिनिधि भर
भूत भविष्यत में रण
गुंठित स्वण युगातर!

क्मा वितरण
विश्व शक्तियो का!—
जग की विधि!
उद्वेलित आमूल
गरजता
क्षुब्ध भव उदधि!

कृमियों-से रेंगते मनुज
पद-दलित प्राण-मन,
भौतिक तम में
वहिर्भ्रांत
संप्रति भू जीवन !

भोग लालसा मद विस्मृत
जीवात्मा का क्षण
शासित करता
अंतर को
आवेश अचेतन !

कौन वनस्पति
पशुओं का जग
आज सँजोए ?
मनुज प्रेत
जब स्वयं
मृत्यु निद्रा में सोए !

नहीं जानता,
अणु हुंकार
भरेगा भू मन
या तुम ला
जन भू जीवन में
आत्म संतुलन—

श्रेय प्रेय में
स्वर संगति भर
तम भ्रम मोचन

क्षुधे, करोगी जन मगल,
श्री सुख सवधन!

एक हाथ में
आणव ध्वस—
अपर कर में धर
नव चतय सुधा घट,
स्मेरमुखी,
हँस निस्वर—

तुम भगुर तम का करती
तम ही से भजन—
नव प्रकाश का
फहराए
जग में जय केतन!

स्वप्न तरणि हे,
देख रहा म
उठती जन भ
झुकता अवर
नव स्वप्ना के
पग से कपित
युग नर अतर!—

बाह्य ध्वस पट में
अतमन करता मजन
बदल रह जन
बदल रहा भू मन
नव जीवन!

पौ फटने से पहिले

(छत्तीस)

आज सभी कुछ जग में—
विद्या विभव विलास अपरिमित
सुख सुविधा साधन बहु इच्छित
शशि मंगल ग्रह पथ भी अर्जित—

मानव उर में
किन्तु शांति संतोष न किंचित!
सुलभ सभी कुछ—
कहीं नहीं तुम
स्वल्प हृदय कोने में भी
मा, प्राण प्रतिष्ठित!

आज तभी तो
दृष्टि हीन विज्ञान ज्ञान,
निष्प्राण, विरस, सौंदर्य म्लान!—
मानव कर अर्जित
स्वर्ग साधना का मणिहार
भुजग बन विषधर
डँसता जग को
दर्प स्फीत—फुत्कार मार!

जन मागल्य न विश्व शोध में,
सागिक्ता ही सत्य शोध मे,
हीन भावना क्षीण प्रेरणा !—
ऐक्य सगठित यदि—
विरोध में !

तुम्ही नही जब,
